# इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
## वर्ष 2021-22 के लिए
## कार्य निष्पादन/गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा

**पृष्ठभूमि**

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, रेल मंत्रालय के अधीन एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (सीपीएसई) है। यह एकीकृत इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी है, जो रेलवे, राजमार्ग, पुल, फ्लाईओवर, सुरंगों, विमान अनुरक्षण हैंगर, रनवे, एक्सट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) उप-स्टेशन, विद्युत एवं यांत्रिकी निर्माण कार्यों, वाणिज्यिक एवं आवासीय परिसंपत्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास तथा अन्य अवसंरचनात्मक गतिविधियों सहित प्रमुख अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कंपनी है। कंपनी एक अनुसूची-"क", तथा मिनी रत्न-श्रेणी की सार्वजनिक क्षेत्र की सूचीबद्ध कंपनी है।

इरकॉन ने विशेष रूप से एक रेलवे निर्माण कंपनी के रूप में कार्य शुरू किया, जिसने पिछले 46 वर्षों में विविध अवसंरचना के क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल की है और विश्व स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण किया है। इस कंपनी ने विश्व के 25 देशों में 128 परियोजनाओं तथा भारत में 398 परियोजनाओं को पूरा करने का श्रेय प्राप्त है।

**वित्तीय विशेषताएं**

कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 7181 करोड़ रुपये का अब तक का उच्चतम कुल कारोबार करने के साथ-साथ 6910 करोड़ रुपये का उच्चतम परिचालन कारोबार दर्ज किया है। वर्ष 2020-21 की तुलना में 2021-22 (स्टैंडअलोन आधार पर) के लिए कंपनी के वित्तीय निष्पादन के कुछ महत्वपूर्ण सूचकांक निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | विवरण | 2021-22 (करोड़ रुपए में) | 2020-21 (करोड़ रुपए में) | वृद्धि/(कमी) [%में] |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल आय/टर्नओवर | **7,181** | 5,200 | 38.09 |
| 2. | कुल परिचालनिक आय/टर्नओवर | **6,910** | 4,956 | 39.43 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | कर पूर्व लाभ | **610** | 574 | 6.27 |
| 4. | कर पश्चात लाभ | **544** | 405 | 34.32 |
| 5. | निवल परिसंपत्ति | **4,621** | 4,406 | 4.88 |
| 6. | लाभांश (अंतिम एवं अंतरिम) | **235.13** | 221.02 | 6.38 |

कंपनी ने 2/- रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर कुल 1.85 रुपये प्रति इक्विटी शेयर जिसकी कुल राशि 174 करोड़ रुपये (लगभग) बनती है, पर तीन बार अंतरिम लाभांश घोषित किया और भुगतान किया जो 188.10 करोड़ रुपये की चुकता शेयर पूंजी का लगभग 92.50% है। ये सभी अंतरिम लाभांश जून, सितंबर और दिसंबर 2021 को समाप्त होने वाली तीन तिमाहियों के लिए अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों के अनुसार कंपनी के मुनाफे से घोषित किए गए हैं।

कंपनी ने वार्षिक साधारण बैठक में 2 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 0.65 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की घोषणा की है जो 61.13 करोड़ रुपए (अर्थात् 188.10 करोड़ रुपए की चुकता शेयर पूंजी का 32.50% है। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुल लाभांश 235.13 करोड़ रुपये (लगभग) (अर्थात् 188.10 करोड़ रुपये की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी पर 125%) हो गया है जो वित्त वर्ष 2021-22 के कर पश्चात लाभ का 43.20% और 31 मार्च, 2022 तक कंपनी के शुद्ध मूल्य का 5.09% है।

**शेयर पूंजी और शेयरों का विनिवेश**

31 मार्च, 2022 तक कंपनी की चुकता और सब्सक्राइब्ड इक्विटी शेयर पूंजी 188.10 करोड़ रुपये थी, जिसमें 2 रुपये अंकित मूल्य के 94,05,15,740 इक्विटी शेयर शामिल थे। वित्त वर्ष 2021-22 में, कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 94.05 करोड़ रुपये से बढ़कर 188.10 करोड़ रुपये हो गई थी, जो 1:1 के अनुपात में पूर्ण रूप से भुगतान किए गए बोनस शेयर जारी करने के कारण थी, अर्थात् प्रत्येक 2/- रुपये के प्रत्येक 1 (एक) मौजूदा इक्विटी शेयर के लिए 2/- रुपये का 1 (एक) नया पूरी तरह से चुकता इक्विटी शेयर।

31 मार्च, 2022 तक कंपनी के प्रमोटर अर्थात् के राष्ट्रपति की शेयरधारिता कंपनी की कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 73.18% थी।

कंपनी 31 मार्च, 2022 तक बाजार पूंजीकरण के मामले में भारत में शीर्ष 1000 सूचीबद्ध कंपनियों में शामिल है, जिसका बाजार पूंजीकरण 3743.25 करोड़ रुपये है।

**आर्डर बुक**

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, कंपनी को नामांकन के आधार पर विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ईपीसी मोड पर म्यांमार में कुल 1780 करोड़ रु. मूल्य की एक विदेशी परियोजना अर्थात्

कलादान मल्टी मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएमएमटीटीपी) के तहत पलेतवा (म्यांमार) से जोरिनपुरी (मिजोरम) तक सड़क का निर्माण कार्य प्रदान किया गया है।

कंपनी ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान लगभग 14,400 करोड़ रुपये की नई घरेलू परियोजनाएं भी हासिल की हैं, जिनमें से प्रमुख हैं- मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट का पैकेज नं. एमएएचएसआर टी-2 और पैकेज नं. एमएएचएसआर सी-7, नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएचएसआरसीएल) के लिए (6857 करोड़ रुपये); भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लिए हाईब्रिड एन्यूटी मोड (एचएएम) आधार पर चार सड़क/राजमार्ग परियोजनाएं, जिनमें से दो परियोजनाएं महाराष्ट्र राज्य में स्थित हैं, एक पंजाब में और उत्तराखंड में एक (4528 करोड़ रुपये); भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) द्वारा जारी सेंट्रल पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग ("सीपीएसई") स्कीम चरण- II के तहत 500 मेगावाट ग्रिड कनेक्टेड सोलर पीवी पावर प्रोजेक्ट की स्थापना (1960 करोड़ रुपये)।

31 मार्च, 2021 के 34,689 करोड़ रु. (लगभग) की तुलना में 31 मार्च, 2022 को 43,758 करोड़ रुपये (लगभग) का ऑर्डर बुक किया गया था।

**परिचालनिक विशेषताएं**

**विदेशी परियोजनाएं**

बांग्लादेश, अल्जीरिया श्रीलंका और नेपाल में निम्नलिखित विदेशी परियोजनाएं प्रगतिरत हैं, यथा

(क) <u>बांग्लादेश</u> - कंपनी बांग्लादेश में दो परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है, अर्थात् (i) तटबंध का निर्माण, रेलपथ, सभी सिविल कार्य, बड़े और छोटे पुल (रूपशा पुल को छोड़कर) एवं पुलिया और बांग्लादेश रेलवे के लिए खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन के निर्माण परियोजना के तहत डब्ल्यूडी1 के लिए ईएमपी का कार्यान्वयन; और (ii) अगरतला (भारत)-अखौरा (बांग्लादेश) से नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए तकनीकी सलाहकार सेवाएं (टीएएस) प्रदान करना और विदेश मंत्रालय (एमईए), भारत सरकार के साथ बांग्लादेश हिस्से में निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी)।

(ख) <u>अल्जीरिया</u>- एएनईएसआरआईएफ, परिवहन मंत्रालय, अल्जीरिया सरकार के लिए अल्जीरिया में दोहरी रेलपथ लाइन (93 किमी) का संस्थापन।

(ग) <u>श्रीलंका</u>- इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट के अंतर्गत माहो से ओमनथई तक रेल लाइन का अपग्रेडेशन, परिवहन और नागर विमानन मंत्रालय, श्रीलंका सरकार के अंतर्गत श्रीलंकन रेलवे के लिए रेलपथ पुनर्स्थान और अनुषंगी कार्य।

(घ) नेपाल - कंपनी नेपाल में निम्नलिखित दो परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है, यथा (i) भारत-नेपाल सीमा पर जोगबनी (भारत)-बिराटनगर (नेपाल) के बीच बड़ी आमान की रेल लाइन का निर्माण; और (ii) भारत नेपाल सीमा पर बारडीबस तक विस्तार सहित जयनगर (भारत)-बिजलपुरा (नेपाल) आमान परिवर्तन द्वारा बड़ी आमान की लाइन का निर्माण।

**घरेलू परियोजनाएं:**

आपकी कंपनी के पोर्टफोलियो में रेलवे, सड़क और राजमार्ग, हाई स्पीड रेल, सौर उर्जा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक घरेलू परियोजनाएं हैं और ये परियोजनाएं संचालन और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

वर्ष 2014 में, आपकी कंपनी ने नोएडा में 90 वर्षों के लिए लीजहोल्ड आधार पर विभिन्न सेक्टरों में 8 भूखंडों का अधिग्रहण किया था और इन भूखंडों पर निर्माण गतिविधियां पूरी कर ली गई हैं। भवनों को आंशिक/पूर्ण रूप से पट्टे पर देने की प्रक्रिया जारी है। कंपनी ने सेक्टर-32, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित एक भूखंड पर भी संपत्ति विकसित की है, जिसे पट्टे पर देने की प्रक्रिया जारी है।

कंपनी ने 26 मार्च, 2018 को रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के साथ इरकॉन को लीज होल्ड अधिकारों के हस्तांतरण के लिए 99 वर्षों हेतु अपफ्रंट लीज प्रीमियम के भुगतान पर बांद्रा पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र में 4.3 (चार पॉइंट तीन) हेक्टेयर भूखंड पर वाणिज्यिक विकास के लिए 99 वर्षों हेतु अपफ्रंट लीज प्रीमियम के भुगतान पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए, इरकॉन आरएलडीए से अपफ्रंट लीज प्रीमियम के 3% (तीन प्रतिशत) के बराबर राशि हेतु शुल्क प्राप्त करने का हकदार है। उक्त समझौता ज्ञापन 31 मार्च, 2021 को समाप्त हो गया है और इसकी नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है।

**सहायक और संयुक्त उद्यम कंपनियों के माध्यम से अवसंरचना विकास**

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, इरकॉन ने चार पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों दिसंबर 2021 में इरकॉन अकलोली-शिरसाद एक्सप्रेसवे लिमिटेड और इरकॉन लुधियाना रूपनगर हाईवे लिमिटेड; जनवरी, 2022 में इरकॉन भोज मोरबे एक्सप्रेसवे लिमिटेड और इरकॉन हरिद्वार बाईपास लिमिटेड को निगमित किया गया है। साथ ही, एक सहायक कंपनी अर्थात इरकॉन रिन्यूएबल पावर लिमिटेड को जनवरी 2022 में संयुक्त उद्यम कंपनी और एसपीवी के रूप में निगमित किया गया है, जिसमें इरकॉन की 76% हिस्सेदारी है।

इरकॉन समूह में अब ग्यारह सहायक कंपनियां और सात संयुक्त उद्यम कंपनियां शामिल हैं। वर्ष के दौरान, इरकॉन ने अपनी अनुषंगी और संयुक्त उद्यम कंपनियों में **212.84** करोड़ रुपये की इक्विटी/अर्ध इक्विटी डाली है, जिसके परिणामस्वरूप **31** मार्च, **2022** तक **1421.68** करोड़ रुपये का संचयी निवेश हुआ है और इन कंपनियों द्वारा सावधि ऋण सुविधा का लाभ उठाने के लिए बैंकों के पक्ष में कॉरपोरेट गारंटी भी प्रदान की गई है।

**रेटिंग और प्रशस्तियां**

रेल मंत्रालय, भारत सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, आपकी कंपनी को वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए 'उत्कृष्ट' के रूप में रेट किया गया है। कंपनी को वर्ष 2021-22 के लिए 'वेरी गुड' रेटिंग मिलने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2021 की वित्तीय स्थिति के आधार पर, यूएसए के इंजीनियरिंग न्यूज रिकॉर्ड (ईएनआर) के अनुसार, शीर्ष 250 अंतर्राष्ट्रीय ठेकेदारों (229वें स्थान पर) की सूची में जगह बनाने वाला इरकॉन एकमात्र भारतीय पीएसयू है; मार्च 2022 में जारी बिजनेस स्टैंडर्ड बीएस 1000 वार्षिक पत्रिका के अनुसार, इरकॉन को कुल राजस्व में 190वां स्थान दिया गया है, और 'निर्माण और अवसंरचना' क्षेत्र के तहत प्रदर्शन के मामले में 11वां स्थान दिया गया है; और यह फॉर्च्यून इंडिया 500 की सूची में 254वें स्थान पर है।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान वर्ष-दर-वर्ष पुरस्कार जीतने की प्रवृत्ति को बनाए रखते हुए, इरकॉन ने सीएसआर प्रतिबद्धता और सीएसआर लीडरशिप अवार्ड जैसी दो श्रेणियों में 'गवर्नेंस नाउ 8वां पीएसयू अवार्ड'; तीन श्रेणियों में 'पीएसयू में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार' अर्थात इनोवेशन सोशल मीडिया आउटरीच, भू-रणनीतिक पहुंच बढ़ाना, और अनुकरणीय लीडर; और निर्माण सुरक्षा के लिए 'ग्रीनटेक फाउंडेशन सेफ्टी अवार्ड' जीते हैं।

**सीएसआर और संधारणीयता**

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए सीएसआर बजट 10.50 करोड़ रुपए था जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों की अवधि में कंपनी द्वारा अपनी भारतीय परियोजनाओं के रिकार्ड औसत शुद्ध लाभ के औसत का 2% है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, इरकॉन ने अपनी सीएसआर पहलकदमियों पर 10.52 करोड़ रुपए व्यय किए है। आपदा स्थिति में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत निधि (पीएम केयर्स फंड) में कुल 1.14 करोड़ रुपए की राशी दान की गई है।

****